डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

साहित्य अकादेमी द्वारा साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित

पुष्पिता अवस्थी, लक्ष्मीकमल गेडाम एवं प्रताप सिंह ने किया रचना–पाठ

नई दिल्ली। 8 अगस्त 2018। साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित साहित्य–मंच कार्यक्रम में आज तीन रचनाकारों पुष्पिता अवस्थी, लक्ष्मीकमल गेडाम एवं प्रताप सिंह ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। सर्वप्रथम कवि एवं पत्रकार प्रताप सिंह ने अपनी ग़ज़लें सुनाईं। उनकी रचनाओं में समय के साथ आए बड़े बदलावों से उपजे दर्द को सहजता से महसूस किया गया। उन्होंने अत्याधुनिक जीवन शैली और अपनी जड़ों से कटते जाने की पीड़ा को रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की और इन दुष्परिवर्तनों को चिन्हित करते हुए उनपर तीखी टिप्पणियाँ कीं। मराठी की रचनाकार लक्ष्मीकमल गेडाम ने 'शिकार' शीर्षक से अपनी कहानी प्रस्तुत की। कहानी आदिवासी स्त्री गोदा की संघर्षपूर्ण ज़िंदगी पर केंद्रित थी। प्रस्तुत की गई कहानी में समाज के हाशिये पर जीवन यापन कर रहे एक परिवार में स्त्री की दशा और उसके संघर्षों को चित्रित किया गया। नीदरलैंड से पधारी हिंदी की चर्चित कवयित्री पुष्पिता अवस्थी ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। कविताओं में अतींद्रिय प्रेम की वृहत्तर भावना को प्रस्तुत किया गया, जिसमें मनुष्यता का राग है। उनकी कविताओं में व्यक्त पृथ्वी, स्त्री और प्रेम के पक्ष में सृजनात्मक स्वर को साहित्य प्रेमियों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में कमल किशोर गोयनका, सुरेश ऋतुपर्ण, नरेंद्र मोहन, गोविंद प्रसाद, पवन माथुर, ओम निश्चल, विज्ञान व्रत, सुरेश धींगड़ा, हरिसुमन बिष्ट, ईश्वर सिंह आदि महत्त्वपूर्ण लेखक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संपादक हिंदी अनुपम तिवारी ने किया।

ह./–
(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in